समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# यूक्रेन की तबाही से तिलमिलाया रूस, एयरस्ट्राइक को बताया ‘आतंकवादी हमला’

Publisher | Published on 02 Jun 2025



## यूक्रेन की तबाही से तिलमिलाया रूस, एयरस्ट्राइक को बताया ‘आतंकवादी हमला’

**Ukraine Operation:रूस-यूक्रेन युद्ध** एक बार फिर उग्र होता नजर आ रहा है। यूक्रेन ने रूस के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन चलाते हुए ड्रोन से एयरस्ट्राइक की है। इस ऑपरेशन में रूस के **मरमंस्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रियाजान** और **अमूर क्षेत्रों** में स्थित **सैन्य हवाई अड्डों** को निशाना बनाया गया। दावा किया जा रहा है कि कम से कम 40 रूसी विमान नष्ट कर दिए गए हैं।

**रूसी रक्षा मंत्रालय** ने यूक्रेन के इस हमले को **आतंकवादी हमला** करार दिया है। रूस का कहना है कि **यूक्रेनी एफपीवी ड्रोन** ने सैन्य हवाई क्षेत्रों को टारगेट किया और कई विमानों में आग लग गई।

### रूसी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया

रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, “कीव शासन ने मरमंस्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रियाजान और अमूर में हमारे सैन्य अड्डों पर आतंकी हमले किए हैं। हालांकि, इवानोवो, रियाजान और अमूर क्षेत्रों में हुए हमलों को हमारी सेना ने विफल कर दिया। लेकिन मरमंस्क और इरकुत्स्क में ड्रोन हमलों की वजह से हमारे कई विमानों को नुकसान पहुंचा है।”

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

यूक्रेन की ओर से की गई इस **एयरस्ट्राइक** के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें आग की लपटों और धमाकों के दृश्य देखे जा सकते हैं। युद्ध क्षेत्र से मिली इन तस्वीरों ने वैश्विक स्तर पर भी चिंता बढ़ा दी है।

**जेलेस्की का बयान : 'ऐतिहासिक ऑपरेशन'**

**यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की** ने इस ऑपरेशन को "**ऐतिहासिक**" बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा: "आज हमारी सेना ने दुश्मन के क्षेत्र में शानदार ऑपरेशन अंजाम दिया, जिसमें केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला एफएसबी मुख्यालय के नजदीक से संचालित किया गया। ऑपरेशन में कुल 117 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।"

१. **यूक्रेन ने रूस के पांच एयरबेस पर ड्रोन से हमला किया**
२. **रूस ने इसे 'आतंकवादी हमला' बताया**
३. **40 रूसी विमानों को तबाह करने का दावा**
४. **ऑपरेशन मे 117 ड्रोन का इस्तेमाल**
५. **सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है हमले के वीडियो**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.